दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 57 मुरादाबाद 20 June 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## 'अग्निपथ' विरोध पर गरम सीएम योगी आजमगढ़ में बोले- विपक्षी दल गुमराह कर नौजवानों के भविष्य से खेल रहे

लोकसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा के दिग्गज नेताओं का आजमगढ़ आगमन जारी है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो स्थानों पर जनसभा कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जन समर्थन मांगा। सीएम योगी ने पहले चक्रपानपुर क्षेत्र अकबेलपुर और बिलरियागंज क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। दोनों स्थानों पर सीएम योगी ने अग्निपथ योजना की चर्चा की। युवाओं के बीच इस योजना को लेकर भ्रम फैलाए जाने की बात कही। सख्त लहजे में सीएम योगी ने कहा कि विपक्षी दल नौजवानों को गुमराह कर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ लोग युवाओं को रोजगार की दिशा में आगे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि थल सेना, नौसेना और वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती होने वाले अग्निवीर सैनिकों को चार साल पूरे करने पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स भर्ती में प्राथमिकता मिलेगी। विपक्ष पर हमलावर योगी ने कहा कि नौजवानों के जीवन के साथ जिन लोगों ने खिलवाड़ किया था, आज एक बार फिर वही लोग उनके भविष्य के साथ खेल रहे हैं। कहा कि वर्ष 2017 से पहले क्या होता था? कोई नौकरी निकलती थी और पूरा खानदान वसूली पर निकल जाता था। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अग्निपथ योजना के तहत देश में अग्निवीर पैदा करने का काम कर रही है, जिसकी पूरी दुनिया तारीफ कर रही है। मगर कुछ लोग विरोध के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। बताया कि सरकार आने वाले डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को नौकरी देगी। सीएम योगी ने बताया कि साढ़े 17 से 21 साल के युवाओं को सेना के तीनों अंगों में शामिल किया जाएगा। चार साल की सेवा पूरी होने



पर 25 प्रतिशत को नियमित सेवा में रखा जाएगा, वहीं चार में से तीन अग्निवीर आगे सेवा जारी नहीं रख पाएंगे। उनके लिए सरकार शिक्षा, नौकरी व कारोबार के लिए कई अन्य विकल्प पेश कर रही है। कहा कि अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ-साथ अन्य सेवाओं में अवसर देंगे। सीएम योगी ने कहा कि चार साल की ट्रेनिंग के बाद निकलने वाले



नौजवान हमारे लिए विभूति होंगे। यह हमारे लिए एक गिफ्ट होगा। उनके पास ट्रेनिंग, धैर्य और अनुशासन होगा। विपरीत संकट के समय देश के लिए क्या जज्बा होना चाहिए, यह भाव होगा। 17 साल में अग्निवीर बनने वाला 21 साल में जब यूनिफॉर्म पहनकर अपने घर में आएगा तो घर के लोग भी अपने नौजवान पर गर्व करेंगे। समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजमगढ़ को आतंकवाद की धरती बनाकर रख दिया गया था। हमारी सरकार ने विकास का कार्य बिना भेदभाव के किया है। कहा कि आजमगढ़ के लोगों ने प्रदेश को दो मुख्यमंत्री दिए लेकिन यहां का विकास नहीं किया। उल्टा आजमगढ़ के लोगों के लिए पहचान को लेकर संकट खड़ा कर दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी पर सवाल करते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा व बसपा ने आजमगढ़ के लोगों को बस धोखा देने का काम किया है। भाजपा सरकार ने आजमगढ़ को विकास से जोड़ने का काम किया। आजमगढ़ में हवाई अड्डा, राज्य विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे बनाकर विकास से जोड़ने का काम किया है। सीएम योगी ने कहा कि सपा ने आजमगढ़ की जनता के साथ-साथ अपने कार्यकर्ताओं को भी धोखा देने का काम किया है। अखिलेश यादव यहां के सांसद थे लेकिन वह कोरोना काल में यहां की जनता का हाल जानने तक नहीं आए। सहायता तक भी भेजी नहीं। उस समय मैं आजमगढ़ में तीन बार आया था। जब देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तो वो दुष्प्रचार कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा ने दलित युवा का अपमान किया है। लोकसभा उपचुनाव में पहले सुशील आनंद को टिकट दिया फिर टिकट वापस लेकर अपने परिवार के सदस्य को ही यहां से उतार दिया। आजमगढ़ को आतंकगढ़ बनने से बचाने के लिए सैफई परिवार से बचने की जरूरत है। जिसकी शुरुआत अब आजमगढ़ से होनी चाहिए। उन्होंने हम विकास की बात करते है और वो वंशवाद की बात करते हैं।

## अग्निपथ योजना देश के युवाओं को मार डालेगी और सेना को खत्म कर देगी, 'सत्याग्रह' से प्रियंका का केंद्र पर हमला




अग्निपथ योजना पर केंद्र की आलोचना करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि यह योजना देश के युवाओं की जान लेने के साथ ही सेना को भी खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों और युवाओं के लिए नहीं बल्कि बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। अग्निपथ योजना के खिलाफ आंदोलन करने वालों के समर्थन में एकजुटता दिखाते हुए रविवार को जंतर-मंतर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित सत्याग्रह में हिस्सा लेने के दौरान प्रियंका गांधी ने यह बात कहीं। उन्होंने युवाओं से अग्निपथ योजना के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की और साथ ही उन्हें कांग्रेस पार्टी के पूर्ण समर्थन का आश्वासन भी दिया। सभी सांसदों, सीडब्ल्यूसी सदस्यों और एआईसीसी पदाधिकारियों ने भी इस विरोध-प्रदर्शन में भाग लिया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे युवाओं से कहा कि आपसे बड़ा देशभक्त कोई नहीं है। मैं आपको बताना चाहती हूं, आप अपनी आंखें खोलिए तथा फर्जी राष्ट्रवादियों एवं फर्जी देशभक्तों को पहचानिए। पूरा देश और कांग्रेस आपके संघर्ष में आपके साथ है। उन्होंने हरिवंशराय बच्चन की कविता अग्निपथ की पंक्तियां उद्धृत करते हुए युवाओं से दृढ़ता एवं शांतिपूर्वक संघर्ष करने की अपील की। प्रियंका ने कहा कि इस कविता के शीर्षक को योजना का नाम दिया गया है, जो युवाओं को बर्बाद कर देगी। यह योजना सेना को तबाह कर देगी। इस सरकार की मंशा को पहचानिए। आपके संघर्ष में पूरा देश आपके साथ है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से तथा सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए इस सरकार को गिराइए। सत्याग्रह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों और युवाओं के लिए नहीं बल्कि बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। प्रियंका ने कहा कि यह योजना देश के युवाओं को मार डालेगी, सेना को खत्म कर देगी... कृपया इस सरकार की मंशा देखें और इसे गिराएं। ऐसी सरकार लाओ जो देश के लिए सोचती हो, और देश की संपत्ति की रक्षा करे। मैं आपसे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का आग्रह करती हूं। विरोध करें, लेकिन रुकें नहीं। बता दें कि, सशस्त्र बलों में नई भर्ती योजना के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। कुछ जगहों पर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए और ट्रेनों में आग लगा दी गई। हाल ही में शुरू की गई अग्निपथ भर्ती योजना के खिलाफ युवाओं के आंदोलन के कारण शुक्रवार को 340 ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं।

### क्या है अग्निपथ योजना?

विशेष रूप से, सरकार द्वारा 14 जून को सशस्त्र बलों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव लाने के प्रयास में अग्निपथ योजना शुरू की गई थी। नई सैन्य भर्ती योजना को विपक्ष के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, केंद्र ने अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऊपरी आयु सीमा में बदलाव लाने का फैसला किया है। एकमुश्त छूट देते हुए केंद्र ने 16 जून, 2022 को घोषणा की कि अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती के लिए अग्निवीर की ऊपरी आयु सीमा 21 वर्ष से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दी गई है। इस योजना को अग्निपथ नाम दिया गया है और इस योजना के तहत चयनित युवाओं को अग्निवीर के रूप में जाना जाएगा। अग्निपथ देशभक्ति से प्रेरित युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में सेवा करने का अवसर देगी।

# बुलडोजर से बारात लेकर पहुंचा दूल्हा, अनोखी बारात देखने उमड़ पड़ा गांव

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- यूपी में पिछले कुछ दिनों से बुलडोजर को लेकर लोगों की दीवानगी बढ़ती ही जा रही है। दरअसल सरकार अपराधियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला रही है। यही वजह है कि लोगों में बुलडोजर को लेकर क्रेज बढ़ रहा है। बुलडोजर का जलवा ऐसा है कि लोग शादी विवाह में भी कार छोड़कर अब बुलडोजर लेकर जा रहे हैं। पिछले दिनों बहराइच में एक दूल्हा कार की जगह बुलडोजर लेकर दुल्हन को लेने पहुंचा तो इलाके में लोगों की भीड़ लग गई। बुलडोजर पर चढ़ी बारात देखने के लिए लोग घरों से निकल गए। दरअसल बहराइच के रिसिया ब्लॉक के लक्ष्मणपुर के रहने वाले सलीम की बेटी की रुबीना का निकाह श्रावस्ती जिले के आला गांव स्थित मोहन के बेटे बादशाह से तय हुई थी। जैसे ही बादशाह की बारात सलीम के दरवाजे तक पहुंची तो लोग दंग रह गए क्योंकि बाराती एक दो नहीं बल्कि 6 बुलडोजर पर चढ़कर आए थे। चौराहे पर बुलडोजर पर सवार दूल्हे और बारातियों को घुमाया गया जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान लोगों ने बुलडोजर बाबा की जय हो की नारेबाजी भी की। बुलडोजर पर बारात लाने को लेकर एक बाराती ने कहा कि पहले हाथी और घोड़े पर बारात लाने का चलन था लेकिन इस बार हमने सोचा कि क्यों ना बुलडोजर पर बारात लेकर चला जाए जिसे लोगों ने खूब पसंद भी किया।

# आजादी अमृत महोत्सव के अवसर साप्ताहिक योग शिविर पर पीआरडी जवानों ने किया योगा शिविर का आयोजन




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-विकासखंड जमुनहा के प्रांगण में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार के नेतृत्व में विकासखंड जमुनहा के प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने योग विश्व दिवस के शुभ अवसर पर योगाभ्यास किया जिसमें विकासखंड के समस्त पीआरडी जवान उपस्थित रहे और अतुल कुमार क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में योगाभ्यास कराया गया और सभी जवानों ने सुबह प्रात: 6=00 ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर योग किया तथा अतुल कुमार क्षेत्र कल्याण अधिकारी ने बताया कि हर जवान को योग करना जरूरी है क्योंकि योग करने से शरीर का विकास होता है और रोगी नही होता ह

शरीर निरोग रहती है और आप लोग सुबह उठकर प्रत्येक दिन योग करें जिससे आपके शरीर की स्फूर्ति बनी रहे इस मौके पर बाबूराम पाठक, सुरेश कुमार यादव, शिव कुमार पाठक, छबि लाल ,बंशीधर यादव, लाल बहादुर, शिव कुमार वर्मा, व क्षेत्र के समस्त प्रांतीय रक्षक दल जवान उपस्थित रहे

**अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM**

## फर्रुखाबाद टाइम सेंटर की पांचवी मंजिला ध्वस्त चौथे में काम जारी



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -रविवार दोपहर तक टाइम सेंटर की पांचवीं मंजिल को जिला प्रशासन के मजबूत हथौड़े नें अर्श से फर्श पर ला दिया. अब चौथी मंजिल पर काम तेजी से शुरू हो गया है. टाइम सेंटर के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव की तरफ से 17 जून की शाम को टाइम सेंटर के भवन पर जेसीबी चला दी थी. लेकिन भवन 6 मंजिल होनें के चलते उसके गिरने से नीचे काफी बड़ा नुकसान होनें का खतरा था. लिहाजा उसकी छठी मंजिल पर ठेका देकर मजदूर बुलाये गये. जिन्होंने हथौड़े से उसे तोड़ना शुरू किया. लगभग दो दिन का समय केबल दो मंजिल तोड़ने में लग गया. रविवार दोपहर तक दो मंजिल तोड़ कर चौथी मंजिल पर ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है?

## कार की बानेट पर केक काटकर मनाया जन्मदिन, फिर हवा में की फायरिंग, पुलिस को सभी दोस्तों की तलाश

सोशल मीडिया पर आपको हर्षफायरिंग और कई जान जोखिम भरे वीडियो आपको देखने को मिल जाएंगे। हर्ष फायरिंग में कई बार लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग इस तरह की हरकत करने से बाज नहीं आते। इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर फिर से वायरल हुआ है। वीडियो यूपी के कानपुर जिले के चकेरी इलाके का बताया जा रहा है। हालांकि क्यूँ न लिखूँ सच वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक कार की बोनट पर केक काटकर जन्मदिन मना रहे हैं। इसके बाद उनमें से एक युवक हर्ष फायरिंग करने लगता है। जानकारी के अनुसार शिवम नाम के एक छात्र का जन्मदिन था। उसके लगभग आधा दर्जन दोस्त एकत्रित हुए थे। फिर जश्न की शुरुआत हुई और गाड़ी के बोनट पर रखकर केक काटा गया। इस दौरान दोस्तों ने केक खिलाते समय एक दोस्त ने रिवाल्वर से एक के बाद एक लगातार तीन फायर किए। रिवाल्वर लहराकर दोस्तों ने खूब डांस भी किया। फायरिंग करने वाले छात्र कम उम्र के बताए जा रहे हैं। चकेरी पुलिस का कहना है कि अभी तक यह पता नहीं चला है कि वीडियो कब का है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नूपुर शर्मा कि गिरफ्तारी तक हमारी मांग जारी रहेगी, बरेली में बोले-मौलाना तौकीर



आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के ऐलान पर रविवार को इस्लामिया ग्राउंड पर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें हजारों की संख्या में लोग इकठ्ठा हुए। वहीं विरोध प्रदर्शन के दौरान मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को इस्लाम समझने के लिए कलमा पढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को इस्लाम अपना लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने नूपुर शर्मा की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मंच से बोलते हुए मौलाना ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी करने वाले आदम अलैसलाम की औलाद है। उन्हें इस्लाम की दावत देता हूं। मंच से बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस वक्त देश में मुसलमानों के साथ अन्याय हो रहा और यह बात वह पूरी दुनिया को बताएंगे। वहीं उन्होंने कहा जो विरोध प्रदर्शन आज किया जा रहा है वो 10 या 17 तारीख को भी हो सकता था। हम जुमे से डरते नहीं बल्कि हम हर दिन तैयार हैं। भारी भीड़ की मौजूदगी में मौलाना ने कहा नबी की शान में गुस्ताखी करने वालों को हम बता देना चाहते हैं। वो हमेशा यही करते हैं अपने भी सुना और हमने भी, वो कहते हैं घर वापासी कर लो। उन्होंने हमे दुश्मनी में नहीं कहा है। वो हमको भाई समझते हैं। हम कहते हैं जो 1400 बरस पहले जो लाइट हमें मिली थी, उसको जवाब यह है है पहले तुम नंगे रहते थे, जंगलों में रहते थे। इल्म बढ़ता गया, अक्ल आती गई, पैगंबर आते रहे और इंसान को समझ आती गई। आज हम मुसलमान हो गए। तो अब मुसलमानों की जिम्मेदारी है। जो लाइट नबी की शक्ल में 1400 बरसे पहले हमें मिली, जो लाइट गरीब नवाज ने दिखाई है,जो रास्ता बुजुर्गों दीन ने दिखाया। इसलिए मैं दावत देता हूं जो लाइट, इल्म तुम ताक पहुंचाना चाहता हूं। तुम कोई गैर नहीं हो, तुम भी हमारे भाई हो आदम अलैसलाम की औलाद हो।

## अग्निपथ जब नाम होगा आग तो लगेगी ही

इस्लामिया ग्राउंड के मंच से रविवार को बोलते हुए मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि मैं अग्निपथ के खिलाफ नौजवानों का समर्थन करता हूं। जब नाम ही अग्निपथ रखा, तो आग तो लगनी ही थी। विरोध प्रदर्शन को लेकर सुबह से ही शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुराने शहर के मुख्य बाजार सैलानी की दुकानें बंद रहीं। पुलिस ने भी चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए। रविवार को आईएमसी के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने पैगंबर मोहम्मद पर की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। अग्निपथ योजना को लेकर मौलाना तौकीर रजा ने तंज कसते हुए कहा कि जब योजना का नाम ही अग्निपथ है तो आग लगनी तय ही है। उन्होंने युवाओं के समर्थन की भी बात कही।

# उप मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट को जाने वाले रोड के समीप भदासना ग्राम पंचायत के चिन्हित किए गये अमृत सरोवर का किया स्थलीय निरीक्षण, बेहतर व्यवस्था एवं सौन्दर्यकरण के दिए निर्देश

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री केशव प्रसार मौर्य ने आज मूढापाण्डे ( मुरादाबाद एयरपोर्ट ) पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए शासन की मंशा के अनुरुप तीव्रता से एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिये। मा0 उपमुख्यमंत्री ने मुख्य रुप से ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभागों की प्रगति की विस्तार से बिन्दूवार समीक्षा की। मा0 उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि हर ग्राम पंचायत में दो अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है, यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। अमृत सरोवर के स्थान चिन्हित का कार्य तीव्रतापूर्वक किया जाये, यदि किसी भू-माफिया के कब्जे में है तो तत्काल कब्जामुक्त करा लिया जाये। मा0 उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे द्वारा भी जनपद के अमृत सरोवरों को देखा जायेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत कार्यो की जानकारी ली तो अधिशासी





अभियन्ता आरईएस ने बताया कि 18 कार्य थे जिसमें 13 कार्य पूर्ण हो गये हैं जिस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यो में तेजी हो एवं गुणवत्ता पूर्ण हो इसको सुनिश्चित किया जाये। मा0 उपमुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग की समीक्षा करते हुए उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग द्वारा जो योजनाएं संचालित हैं एवं उद्यान विभाग की कृषि क्षेत्र में कौन सी योजना संचालित है इनका जनप्रतिनिधियों को भ्रमण करायें और योजना के संबंध में जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते रहें। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उद्यान विभाग की समीक्षा कर लोगों को लाभान्वित करें। खाद्य एवं प्रसंस्करण अधिकारी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि खाद्य प्रसंस्करण के कार्यो में जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता करायें और अपने प्रशिक्षण केन्द्र को भी दिखायें। उप मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट को जाने वाले रोड के समीप भदासना ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अमृत सरोवर को बेहतरीन तरीके से डवलप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट को जाने वाले रास्ते में पडता है इसलिए इस पर सभी तरह की बेहतर व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि हर ग्राम सभा में बारात घर निर्माण के साथ ही अन्त्येष्टि स्थल का भी निर्माण कराया जाये और बारात घर का निर्माण हेतु उपयुक्त किसान को चिन्हित किया जाये। मा0 उप मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त की जिसके अर्न्तगत उन्हें बताया गया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में निर्धारित शै्डयूल के अनुसार बिजली की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए जनपद में शान्ति व्यवस्था एवं बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दैवीय आपदा में निचले स्तर से रिपोर्ट भेजे जाने में विलम्ब न हो, इसको सुनिश्चित किया जाये। मा0 उप मुख्यमंत्री ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि हर ग्राम सभा पर पहुंचकर योगा किया जाये, ताकि लक्ष्य पूर्ण हो सके। प्रयास से पूरी दुनिया इस ध्येय को मना रही है, इससे लोग स्वस्थ एवं निरोग रहेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता, सदस्य विधान परिषद श्री सतपाल सिंह सैनी, डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा, महानगर अध्यक्ष भाजपा, साध्वी गीता प्रधान, पूर्व विधायक कांठ श्री राजेश कुमार सिंह चुन्नू, अपर जिलाधिकारी नगर श्री आलोक कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री आलोक प्रियदर्शी, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# भगतपुर में तेज धमाके से मची गांव में अफरातफरी, सहमे लोग

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -ग्राम मानपुर उर्फ मलबाड़ा में रविवार सुबह तेज धमाके से हड़कंप मच गया। धमाके से आसपास के ग्रामीण सहम गए। आनन-फानन में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां घर का सामान बिखरा पड़ा था वृद्धा समेत चार महिलाएं घायल पड़ी थीं। परिजन घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। मानपुर निवासी शहादत अली गुब्बारों में गैस भरकर बेचते हैं। रविवार सुबह जब गुब्बारों में गैस भरने वाला सिंलेडर धमाके के साथ फटा तो हड़कंप मच गया। तेज धमाके से आसपास के लोग सकते में रह गए और आसपास के क्षेत्र में दहशत हो गई। लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। ब्लास्ट से गैस का सिलेंडर फटकर आंगन में इधर-उधर जा गिरा। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल मचा हुआ है। पीड़ित परिजन घायल महिलाओं को लेकर अस्पताल की तरफ भागे।



घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं पुलिस कर्मी अस्पतालों में घायल महिलाओं को देखने पहुंचे। इलाज के दौरान महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पुलिस के हवाले कर दिया।

## हो सकता था बड़ा हादसा

भगतपुर- गनीमत थी हादसे के वक्त बिजली कटी थी। हादसे के वक्त अगर बिजली आपूर्ति बहाल होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ऐसे में हादसे को काबू करना मुश्किल हो जाता। हादसे की भयाहवता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिलेंडर क्षतिग्रस्त होकर आंगन में जगह-जगह बिखर गया था। महिलाओं को भी गंभीर चोट आई थी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# नाबालिग को अगवा करने के दो आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद - पाकबड़ा पुलिस ने रविवार को नाबालिग को अगवा करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम विकास पुत्र मुनेस और अरुण पुत्र अमर सिंह निवासीगण ग्राम करनपुर थाना पाकबड़ा बताए। कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस पीड़िता को पहले ही बरामद कर चुकी है।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Benefit of vigilance

Tension prevailed for two hours, but the calmness seen on the third day is welcome. Violence is not right under any circumstances and it should not be protected in any way. Especially on the last Friday i.e. June 10, the way stone-pelting took place after Namaz at about half a dozen places, not only the society was tainted, but the administration was also questioned. After the violence of June 10, a lot of questions were raised on the police, although in many places, the police had taken peace measures, even then violent incidents were seen. But this time without hesitation, arrangements were made for monitoring from ground to sky, for peace, meetings were organized from place to place and religious leaders were also warned in advance. The result is that the prayers were held very peacefully and there has been concern about peace and tranquility in those mosques from where violence was being feared. In fact, the administration itself should be cautious when it comes to controversial statements. It is important not only to stop the false rhetoric, but to discourage it for the future. If misrepresentation or misbehavior is punished promptly, the situation of nuisance can be avoided. This is what happened in the Nupur-Rahmani case, the awareness has not been taken in time. The matter was allowed to escalate and reach Muslim countries and when there was sympathy from Muslim countries, then some anarchic elements raised their heads. No one is averse to protest, but instead of peaceful protest, resorting to violence and trying to disturb public life is unbearable. Religion does not teach violence or humiliation at all, but when we are not strict, when we allow anyone to speak or do anything, then problems arise. In the phase we are going through, the administration should have every step of the way. The displeasure of the people should be tested in the administration. If criminal elements are out of the radar of administration, it means intelligence has failed. Violence is prepared from Delhi to Prayagraj, stones and stone pelters are collected, but the police fail to wake up in time.“Especially the preparation shown by the police of Uttar Pradesh this time is exemplary. Patrolling was done before prayers in sensitive cities. Rapid Action Force units were activated. There are also reports of instigating religious leaders being put under house arrest for some time. Surveillance has also been done through drones. In some places, jammers have been used, so that communication can be tightened as soon as it is needed. The police have to be alert on the scale at which the medium of communication is being misused today. Vigilant police can prove to be effective at the time of any kind of protest. Keep in mind, the way the Agneepath scheme is being opposed, the administration should show full efficiency to stop it. Now the time has come when the governance and administration should ensure the restoration of law and order at every level on priority. Of course, peacekeeping is also the duty of every citizen. Keep in mind, only a few people are a cause for concern, it is important that we keep an eye on them.

## Fans went crazy after seeing such a bold look of Disha Patani, said - Hot Bikini Girl of Bollywood

Disha Patani has earned a lot of name in her short film career. Whatever the role in the film, he has left his mark everywhere. Apart from acting, Disha Patani makes a lot of headlines due to her glamorous look. Along with real life, most of the bold style of Disha is seen by the fans on the screen as well. Disha knows very well how to make her audience go crazy. Disha Patani is very active on social media and keeps sharing her bold pictures every day. Once again he has rocked social media with his sizzling avatar. Bold avatar of Disha Patni- Actually, Disha has shared her super bold look on social media which has become viral like fire. In these pictures, Disha is looking amazing in a body hugging sheer dress. At the same time, his killer looks are making him even more bold and beautiful. Apart from this, a video of Disha is also becoming very viral in which she is seen doing different poses. After seeing this look of Disha, the condition of the fans has become miserable. Mixed reaction of fans- Fans also shower their love on the pictures of Disha. Once again it has happened that seeing Disha's look, the fans are not able to stop themselves and are showering their love openly. A fan wrote in praise of Disha, Bollywood bikini girl. At the same time, another fan wrote, "Uff... these acts." At the same time, many users have posted fire emoji, while someone is giving them the tag of the hottest girl. Along with this, some users have also trolled Disha. One user wrote, This is the reason why people have started watching South Movies. Fitness Freak Disha- Disha Patani, the owner of toned and curvy figure, often shares videos of her dance, gymming and gymnastics with fans. Disha is a fitness freak and is often seen giving fitness goals to the fans. Apart from this, Disha is also in discussion about her love life. Her relationship with Tiger Shroff is well known and the two are often spotted together.



## Malaika Arora was seen setting the water on fire wearing a bikini, she will be sweating seeing the bold look

Bollywood's beautiful and fit actress Malaika Arora is seen increasing the heartbeat of the fans with her more than one look. Everyone is convinced of Malaika's fitness and boldness. Even at the age of 48, Malaika surprises everyone with her bold style. New actresses also fade in front of them. Once again it has happened that Malaika has raised the internet temperature with her bold look. Laika raised the internet's mercury- Actually, Malaika has shared a very bold and glamorous picture of herself on Instagram, in which she is seen wearing a bikini. Malaika has posed on the back side, seeing which the condition of the fans has become miserable. Malaika is wearing an animal print bikini in which she is seen flaunting her curvy figure and swimming equipment can also be seen in her hand. These pictures of Malaika have become viral on social media as soon as they arrive. Reaction of fans - This picture of Malaika has become a topic of discussion among the fans on social media. Some are calling them hot and some are sexy. At the same time, a user has written that he will kill you now. At the same time, there are many users who are posting heart and fire emoji on Malaika's picture. There are many who are surprised to see her toned body and curvy figure even at this age. Personal Life- It is worth noting that Malaika Arora is also in tremendous discussion about her personal life. Malaika often shares posts with Arjun Kapoor. Users often troll her on this too, but Malaika knows how to handle trollers. Malaika also takes special care of her fitness. The actress definitely takes out time for yoga and workouts from her busy schedule.



# डीएम के निर्देश पर डिप्टी आरएमओ, जिला पूर्ति अधिकारी ने पीडीएस गोदाम अलीगंज का किया निरीक्षण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -लेबर द्वारा उचित दर विक्रेताओं से खाद्यान्न लोडिंग के मद में अवैध वसूली की मिली थी शिकायत

निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखे कट्टों का वजन भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त वजन के समतुल्य ही पाया गया

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को पी0डी0एस0 गोदाम अलीगंज पर लेबर द्वारा उचित दर विक्रेताओं से खाद्यान्न लोडिंग के मद में अवैध वसूली की शिकायत मिली। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ नंदकिशोर एवं प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी रामदत्त को पीडीएस गोदाम का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को डिप्टी आरएमओ नंदकिशोर ने प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी के साथ पी0डी0एस0 गोदाम अलीगजं का अपरान्ह में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भगवत स्वरुप क्षे0वि0अ0 एवं सौरभ शर्मा, क्षे0वि0अ0, अगम तेज प्रकाश संदीप, विपणन निरीक्षक/गोदाम प्रभारी, अलीगंज उपस्थित मिलें। अगम तेज प्रकाश संदीप, विपणन निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 05 मी0टन का कांटा क्रियाशील हैं, जिससे उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न तौलकर उपलब्ध कराया जा रहा हैं और इस कार्य हेतु लेबर द्वारा उचित दर विक्रेताओं से कोई अतिरिक्त धनराशि की वसूली नहीं की जा रही हैं। डिप्टी आरएमओ ने पी0डी0एस0 गोदाम में भण्डारित खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें स्टॉक रजिस्टर के अनुसार भारतीय खाद्य निगम से गेहूँ 50.607 कि0ग्रा0 तथा चावल 49.715 कि0ग्रा0 के ऐवरेज पर प्राप्त हो रहा हैं, जिसके सापेक्ष गोदाम में रखे कट्टों का वजन भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त कट्टों के वजन के समतुल्य ही पाया गया। वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम से जो खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है वह अन्य प्रान्तों से प्राप्त रेल रैक के माध्यम से प्राप्त हो रहा हैं, जिसके कारण कट्टों के वजन में अन्तर प्रदर्शित होना स्वाभाविक हैं। गोदाम पर उपस्थित उचित दर विक्रेताओं के सामूहिक बयान लिये गये, जिसमें उचित दर विक्रेताओं द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें गोदाम से तौलकर खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है तथा उन्हें कोई शिकायत नहीं हैं तथा श्री अजय कुमार, उचित दर विक्रेता,सिकन्दपुर सालवान, अलीगजं द्वारा लिखित बयान दिया गया हैं कि माह मई 2022 के सापेक्ष प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न तौलकर प्राप्त किया गया हैं तथा उन्हें कोई शिकायत नहीं हैं। गोदाम से खाद्यान्न तौलकर निर्गत किया जा रहा हैं तथा गोदाम में रखे कट्टों का वजन भी भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त वजन के समतुल्य ही पाया गया।

# अग्निपथ योजना युवाओं के दिलों में भड़का रहीं हैं आग-विजय प्रताप यादव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - सेना में अग्निपथ जैसी योजना लागू करना ठीक नहीं मोदी सरकार ने देश के युवाओं के साथ किया हैं धोखा भाजपा सरकार व्दारा सेना में लागू की जा रहीं योजना से पूरेदेश का युवा गुस्से में हैं उत्तर प्रदेश हरियाणा बिहार मैं कोई युवा ने अपनीं जान दे दी इससे अंदाज़ लगया जा सकता है की युवाओं के दिलों पर क्या बीत रही होगी ये कहना हैं कांग्रेस नेता विजय प्रताप यादव का 70 सालों में कांग्रेस पार्टी ने जो बनया था उसी को बेचकर भाजपा अपनी सरकार चला रहीं हैं अब तो भाजपा की सरकार ने हदें पार कर दी सेना में युवाओं की भर्ती नाम पर अग्निपथ योजना लागू करना युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा दिया है मोदी सरकार ने सरकारी क्या यही बनाएगी इस योजना के तहत जो युवा 4 साल नौकरी करेंगे 4 सालबाद उन का क्या होगा उत्तर प्रदेश के युवाओं में सेना की भर्ती को लेकर जो ज्जबा हैं ये सरकार इस तरह की योजना लागू करके उस जज्बे को खत्म करना चाहतीं हैं अगर सेना में इसी तरह के नियम लागू हुए तो युवाओं के दिलों से सेना में भर्ती लेने से इच्छा खत्म हो जायगी विजय प्रताप यादव ने कहा आज हजारों युवा सड़क पर उतर कर रोष व्यक्त कर रहे हैं मगर मोदी सरकार क्यों चुप हैं युवाओं के कभी मोदी सरकार सपने नहीं तोड़ सकती है देश का युवा अपने हक़ की लड़ाई लड़ रहा है और युवाओं की आवाज बुलंद हैं कांग्रेस पार्टी देश के युवा के साथ खड़ी हैं और उनकों हक़ दिलाने के लिए लड़गे

# रोजगार मेले में 156 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जिला रोजगार सहायता अधिकारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय एटा द्वारा आज दिनांक 18 जून 2022 को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 469 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रतिभाग किया गया जिसमें से 156 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। रोजगार मेले में जी4एस सिक्योर सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, निशांत समाज कल्याण फाउंडेशन समिति, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हबर्ल्स एंड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड,सीडेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,पावर टू एम्पायर स्किल प्राइवेट लिमिटेड, एस0बी0आई0 लाइफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सोरों जी के लिए पर्यटन नीति घोषित हो- रघुनंदन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -कासगंज-शूकर क्षेत्र सोरों को उसके आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को अनुसार विकसित किए जाने, शुक्र क्षेत्र सोरों के लिए ठोस पर्यटन नीति बनाए जाने एवं क्षेत्र के संपूर्ण विकास की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन ने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को एक मांग पत्र सौंपा। सिरसागंज स्थित मंत्री के आवास पर सौंपा मांग पत्र में भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन ने मांग उठाई कि शूकर क्षेत्र सोरों एक पुरातन तीर्थ स्थल हैद्द देशभर से लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष यहां श्रद्धालु आते हैंद्द यहां अंतरराष्ट्रीय महत्व का मेला भी लगता है जो यहां स्थानीय संस्कृत की झांकी प्रस्तुत करने के साथ ही साथ आध्यात्मिक महत्व को भी दर्शाता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सोरो के लिए कोई ठोस नीति बने और उसे विकसित होने का पर्याप्त अवसर मिले भाजपा नेता डॉ रघुनंदन ने कहा कि संत तुलसीदास की विचारधारा को संरक्षित करने एवं रामचरितमानस तथा सोरों जी के ऐतिहासिक महत्व को वर्णित करने के लिए सोरों नगर में तुलसी सर्किट की स्थापना की जानी चाहिए जिसमें वृत क्षेत्र एवं लघु फिल्मों के माध्यम से आज की पीढ़ी को सौरव जी के ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ रामचरितमानस के आदर्श एवं संस्कारों के बारे में भी बताया जा सके। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव 2022 से पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शूकर क्षेत्र सोरों को तीर्थों की सूची में शामिल करते हुए सोरोजी के विकास के लिए अलग से धन की घोषणा की थी। परिणाम सामने आए थे जिसके कारण जनपद कासगंज में भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से जीत हासिल हुई थी। अब दोबारा से योगी जी की सरकार बनी हैं कि वह अपनी घोषणा पर अमल करते हुए शूकर क्षेत्र सोरों पौराणिक महत्व के अनुसार उसे विकसित करें और यहां के लिए एक ठोस धार्मिक नीति बनाएं जिससे तीर्थ क्षेत्र का संपूर्ण एवं चौमुखी विकास संभव हो सके। सबसे पहला सनातन विचार मंच के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र उपाध्याय, प्रधान मोहन सिंह रणजीत सिंह कैलाश पटेल रामनिवास कालीचरण वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# परिवार परामर्श केंद्र एटा ने काउंसलिंग कर टूटने के कगार पर खड़े एक परिवार को जोड़ा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद भवन में संचालित *परिवार परामर्श केंद्र एटा* में आज एक टूटे हुए परिवार को जोड़कर एक किया गया, मामला ग्राम बहोरनपुर थाना अवागढ़ जनपद एटा का है जहां के रहने वाले सत्यवीर पुत्र कुंवरपाल की शादी अन्नु देवी पुत्री रमेश चंद निवासी केशपुरा थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद के साथ हुई थी दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर वाद विवाद चल रहा था जिस पर दोनों को बुलाकर काउंसलिंग की गई ,आज दोनों के बीच मतभेद दूर कराकर खुशी खुशी विदा किया गया आपसी मतभेद दूर करते हुए दोनों साथ साथ रहने को तैयार हो गए दोनों को समिति के सामने से विदा किया गया, आज की बैठक में काउंसलर गीता शर्मा, हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, हैड कांस्टेबल मीना रानी, महिला आरक्षी सुधा व पूजा के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा

www.knlslive.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सेना से रिटायर होने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस में मिलेगी प्राथमिकता, सीएम योगी आदित्यनाथ का ऐलान



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को युवाओं से अपील की कि वे अग्निपथ योजना के खिलाफ विपक्षी दलों के प्रचार से गुमराह न हों। सीएम ने जोर देकर कहा कि सेवानिवृत्त अग्निवीरों को यूपी पुलिस में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना की पूरी दुनिया में सहायना की गई है। इस योजना से ना सिर्फ 10 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि वहां मिली ट्रेनिंग उन्हें अनुशासन और प्रशिक्षण के साथ चुनौतियों से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाएगी। सीएम ने ये भी कहा कि अग्निवीर जवानों को आसानी से पुलिस बल में नौकरी लेने में मदद मिलेगी। आजमगढ़ सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में बीजेपी उम्मीदवार दिनेश लाल यादव %निरहुआ% के लिए वोट मांगने के लिए आजमगढ़ में दो रैलियों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने ये बात कही। सीएम योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम और उत्तराखंड की सरकारें पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि अग्निवीर सैनिकों को नौकरी में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा है कि चार साल की सेवा के बाद रिटायर होने वाले अग्निवीरों को पुलिस बल में शामिल किया जाए। योजना के अनुसार, 25त्न अग्निवीर सेना में बने रहेंगे, जबकि बाकी को पुलिस बल में उपयुक्त रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा- हमारी सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि अग्निवीरों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान सीएम योगी ने यूपी के विकास में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी को राहु और केतु करार दिया। उन्होंने कहा- राज्य को क्रमशः चार बार और तीन बार चलाने का मौका मिलने के बाद भी इन पार्टियों ने सिर्फ कहर बरपाया है। सीएम योगी ने कहा- उनकी पूरी राजनीति परिवार और स्वार्थी लक्ष्यों के इर्द-गिर्द घूमती रही। राज्य का विकास, युवाओं का रोजगार, किसानों की भलाई के साथ-साथ महिलाओं और नागरिकों की सुरक्षा कभी भी उनके एजेंडे में नहीं था। योगी ने कहा कि दो मुख्यमंत्री देने के बावजूद आजमगढ़ विकास से वंचित है और गलत कारणों से पूरे देश में जाना जाता है।

# जजावल में लगा पुलिस का जन चौपाल, ग्रामीणों को दी गई कई महत्वपूर्ण जानकारियां



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर रविवार को थाना चंदौरा पुलिस ने ग्राम जजावल के साप्ताहिक बाजार में जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान थाना प्रभारी चंदौरा पियुस चन्द्राकर ने ग्रामीणों को कानून, साइबर अपराध, नशे से होने वाले हानी, वर्तमान में हो रहे धोखाधड़ी से जागरूक रहने की जानकारी देते हुए क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी और वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड के बारे में बताया और सावधानी बरतने की समझाईश दिया। यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाईश दी गई। जन चौपाल में मौजूद नागरिकों को अवैध कार्यो, सामाजिक बुराईयों की सूचना सूरजपुर पुलिस के संवाद नंबर 7999161672 पर देने की अपील की गई। एएसआई अतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक केश्वर मरावी, जनप्रतिनिधि फुलसाय, ग्रामीण त्रिभुवन, सुन्दरसाय, सोनू सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# अखिलेश का बीजेपी पर हमला, कहा- भाजपा ने आजमगढ़ की उपेक्षा की और बदनाम किया



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने हमेशा आजमगढ़ की उपेक्षा की और बदनाम किया। अभी भी भाजपा सरकार धोखा देने से बाज नहीं आ रही है। आजमगढ़ ने हमेशा भाजपा की साम्प्रदायिकता और विकास विरोधी ताकतों को नकारा है। समाजवादियों ने हमेशा आजमगढ़ और पूर्वांचल में विकास और जनता को सम्मान दिया है। आजमगढ़ की जनता ने भी हमेशा समाजवादियों का साथ दिया है। यह परस्पर भरोसा अटूट है। अखिलेश यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी और गलत नीतियों का खामियाजा पूरा प्रदेश और देश भुगत रहा है। भाजपा की धोखे और झूठ की राजनीति ने समाज के हर वर्ग को तबाह कर दिया है। भाजपा के सभी नेता अपनी बात झूठ से शुरू करते है और झूठ पर ही खत्म करते हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया। उसी की अगली कड़ी में आजमगढ़ को प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने के लिए समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की आधारशिला रखी गई थी। प्रदेश की जनता जानती है कि भाजपा राज में महंगाई, भ्रष्टाचार और बच्चियों के दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सत्ता संरक्षित दबंगों ने भाजपा राज को जंगलराज में तब्दील कर दिया है। भाजपा ने एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया। भाजपा सरकार के पास गिनाने को अपनी एक भी योजना नहीं है। समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना बताकर वह पांच वर्ष से गुमराह करने का अपराध किया है। आर.एस.एस. और भाजपा झूठ-फरेब और नफरत फैला कर जनता को गुमराह कर राज कर रहे हैं।

WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सूरजपुर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, बिना लायसेंस के ट्रेक्टर चलाने वालों पर किया कार्यवाही





रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने सड़क दुर्घटना के जोखिम को कम करने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन कर बिना ड्राईविंग लायसेंस के बेहिचक सड़कों पर ट्रेक्टर दौड़ाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध समय-समय पर कार्यवाही करने के निर्देश यातायात, थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। निर्देश के परिपालन में शनिवार, 18 जून को जिले की पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग करते हुए 22 ऐसे ट्रेक्टर चालकों को पकड़ा जिन्होंने बिना ड्राईविंग लायसेंस के ट्रेक्टर चलाते पाए गए। पुलिस ने इन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 22000/- रूपये का समन शुल्क लिया है। इस दौरान जिले के थाना-चौकी सहित यातायात प्रभारी व पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रहे। पुलिस ने अपील किया है कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए वाहन स्वामी ट्रेक्टर सहित अन्य वाहनों को ऐसे चालक से ही चलवाए जिनके पास वैध ड्राईविंग लायसेंस हो, किसी भी स्थिति में बिना लायसेंस वालों को ट्रेक्टर सहित अन्य वाहन चलाने के लिए ना दे